# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10254 / 2026 दिनांकः 30 जुलाई, 2026

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः– 'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत' अभियान के अन्तर्गत दिनांकः 02 अगस्त, 2026 को शपथ ग्रहण कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि माननीय कुलाधिपति / श्री राज्यपाल महोदया की अध्यक्षता में दिनांकः 30 जुलाई, 2026 को हुई आनलाईन बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में **'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत'** अभियान के अन्तर्गत दिनांकः 02 अगस्त, 2026 को विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों, कार्यरत प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को अनिवार्यरूपेण नशामुक्ति की शपथ ग्रहण करायी जानी है। साथ ही दिनांकः 02 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से माननीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा **'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत'** अभियान का शुभारम्भ किया जाना है, जिसकी लाईव स्ट्रीमिंग अपने–अपने महाविद्यालयों में किये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये हैं।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांकः 02 अगस्त, 2026** को **'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत'** अभियान के शुभारम्भ **कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था** अपने–अपने महाविद्यालय में करते हुए **'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत' अभियान** के अन्तर्गत **शपथ ग्रहण कार्यक्रम** का आयोजन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले **समस्त प्रतिभागियों का My Bharat पोर्टल पर पंजीकरण** कराना सुनिश्चित करें तथा **कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों की संख्या तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित जियो टैग फोटोग्राफ एवं वीडियो अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

भवदीय

(एस0एल पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव